


Illustrations from Getty Images

# पवित्र आत्मा कैसे आपको सेवा करने में मदद कर सकती है (और करेगी)

*सेवा करने के पौरोहित्य कार्य में, जो पुरुषों और महिलाओं दोनों को दिया गया है, प्रकटीकरण प्राप्त करने का अधिकार शामिल है।*

सेवकाई और सेवा करने के बुलावे में और यहां तक कि उद्धारकर्ता की तरह प्रेम करना, कभी-कभी चुनौतीपूर्ण लग सकता है - खासकर जब इसमें उन लोगों तक पहुंचना शामिल हो जिन्हें हम अच्छी तरह से नहीं जानते हैं। सेवा करने के लाखों तरीकों के साथ, हमें आश्चर्य होता है कि हम कैसे जान सकते हैं कि हमें सौंपे गए लोगों तक पहुंचने के लिए कौन से सबसे अच्छे तरीके हैं।

हमें लम्बे समय तक आश्चर्य करने की जरुरत नहीं है क्योंकि हमारे सच्चे प्रयासों को पवित्र आत्मा द्वारा निर्देश मिल सकता है।

"आपका पवित्र सेवकाई कार्य आपको प्रेरणा का अधिकार प्रदान करता है," सिस्टर बोनी ह. कॉर्डन ने कहा, युवतियों की जनरल अध्यक्ष। "आप आत्मविश्वास के साथ उस प्रेरणा की तलाश कर सकते हैं।"[1]

जब हम उद्धारकर्ता के रूप में सेवा करना चाहते हैं, तो हमें उसी आत्मा द्वारा निर्देशित किया जा सकता है जिसने उन्हें निर्देशित किया था। यह विशेष रूप से सच है, जब हम नियत कार्य में सेवा करते हैं, जैसे कि सेवकाई, जो धर्माध्यक्ष के पौरोहित्य कुंजियों के अधिकार के तहत बनाया गया है। आत्मा के साथ सेवकाई करने के यह छह सुझाव हैं।

***सेवकाई करते हुए मेरे पास आत्मा कैसे हो सकती है ?***

- **मार्गदर्शन के लिए पूछें।** स्वर्गीय पिता चाहते हैं कि हम प्रार्थना के माध्यम से उनसे सम्पर्क करें। प्रार्थना के माध्यम से न केवल हम उनके पास आते हैं, बल्कि साथ में "उन आशीषों को पा सकते हैं जिंहे परमेश्वर पहले से ही देने के इच्छुक हैं लेकिन जो हमारे मांगने पर सशर्त हैं।"[2] "जैसे कि हम प्रार्थना करते हैं और

उनके हृदयों को समझना चाहते हैं," सिस्टर कॉर्डन ने कहा," मैं गवाही देती हूं कि स्वर्गीय पिता हमें निर्देशित करेंगे और उनकी आत्मा हमारे साथ जाएगी।"[3]

- **प्रेरणा की प्रतीक्षा न करें ।** सक्रिय रहें । "उत्सुकता से लगे रहें" (सिद्धांत और अनुबंध 58:27 ),और आप पाएंगे कि आपके प्रयासों को निर्देशित किया और बढ़ाया जा सकता है । अध्यक्ष डालिन ह. ओक्स, प्रथम अध्यक्षता के प्रथम सलाहकार, ने कहा है, "प्रकटीकरण के योग्य होने का एक महत्वपूर्ण माध्यम अपनी सेवा और कार्य में आगे बढ़ना है," । "धर्मशास्त्रों के अपने अध्ययन में मैंने देखा है कि अधिकतर प्रकटीकरण परमेश्वर के बच्चों को तब मिलता है जब वे गतिमान होते हैं, न कि जब वे अपने निवास स्थान में बैठे हुए प्रभु की प्रतीक्षा कर रहे होते हैं कि वे उन्हें पहला कदम लेने के लिए बताएंगे ।"[4]

*सेवा करने की प्रेरणा को मैं कैसे पहचान सकता हूं ?*

- **मॉरमन की सलाह लें ।** हमें इस बात पर झल्लाने की ज़रूरत नहीं है कि क्या एक विचार प्रेरणा थी या नहीं । तब नहीं जब जानने के लिए हमारे पास मॉरमन का आसान तरीका है : यदि आपका खयाल आपको अच्छा करने और विश्वास करने या दूसरों को मसीह में विश्वास करने के लिए प्रेरित करता है, आप जान सकते हैं कि वह परमेश्वर से है (देखें मोरोनी 7:16) ।
- **इसके बारे में चिंता न करें।** "बस तालाब में कूदो और तैरो," एल्डर जैफ्री आर. हॉलैंड ने कहा जो बारह प्रेरितों की परिषद से हैं। जरूतमंदों की तरफ बढ़ो । आप यह सोचकर अस्थिर न हों कि आपको बैकस्ट्रोक करना चाहिए या डॉग पैडल अगर हम सिखाए गए मूल सिद्धांतों का पालन करते हैं, पौरोहित्य की कुंजियों के साथ संरेखित रहते हैं,और मार्गदर्शन करने के लिए पवित्र आत्मा की तलाश करते हैं,तब हम असफल नहीं हो सकते।"[5]

*एक संकेत का पालन करने का सबसे अच्छा तरीका क्या है ?*

- **तुरंत ।** सिस्टर सुसन बेडनार (बारह प्रेरितों की परिषद के एल्डर डेविड ए. बेडनार की पत्नी) संकेतो काअनुसरण करने का एक शानदार उदाहरण है। ज़रूरतमंदों के लिए"आत्मिक आँखों के लिए प्रार्थना करने के बाद, वह मण्डली के चारों ओर देखती हैं और अक्सर "किसी विशेष व्यक्ति के साथ भेंट करने या फोन करने के लिए एक आत्मिक संकेत महसूस करती हैं", एल्डर बेडनार ने बताया। "और जब बहन बेडनार को ऐसा आभास होता है, तो वह तुरंत जवाब देती है और उनकी आज्ञा मानती है। अक्सर ऐसा होता है कि जैसे ही 'आमीन' प्रार्थना में बोला जाता है, वह एक किशोर के साथ बात करेगी या बहन को गले लगाएगी या, घर लौटने पर, तुरंत फोन उठाएगी और कॉल करेगी।"[6]
- **साहस के साथ।** अस्वीकृति और शर्म की भावनाओं की आशंका, अपर्याप्तता या असुविधा होने के कारण हमें सेवकाई के संकेत अनुसरण करने में बाधा उत्पन्न हो सकती है। "अनेक समय और तरीकों से, हम सभी अपर्याप्त, अनिश्चित,और शायद अयोग्य महसूस करते हैं," एल्डर गैरीट डब्ल्यू. गोंग ने कहा जो बारह प्रेरितों के परिषद से हैं। "फिर भी ईश्वर से प्रेम करने और अपने पड़ोसी की सेवा करने के हमारे वफादार प्रयासों में, हम ईश्वर के प्रेम और हमारे पड़ोसी और हमारे जीवन के लिए नए और पवित्र तरीके से प्रेरणा की आवश्यकता महसूस कर सकते हैं।"[7]

  एक भाई ने बताया कि किस तरह वह आत्महत्या का प्रयास करने वाली महिला के पति तक पहुंचने में संकोच कर रहे थे। लेकिन उन्होंने आखिरकार पति को लंच करने के लिए कहा। "जब मैंने कहा,' आपकी पत्नी ने आत्महत्या का प्रयास किया। यह आपके लिए अत्यधिक कठिन होगा । क्या आप इसके बारे में बात करना चाहते हैं? 'वह खुलकर रोया," उन्होंने बताया । "हमने एक मधुर और घनिष्ठ बातचीत की और मिनटों के भीतर एक उल्लेखनीय निकटता और विश्वास विकसित किया।"[8]

## *उद्धारकर्ता का उदाहरण*

उद्धारकर्ता अपनी सेवकाई के लिए तैयार किया गया था। “परमेश्वर ने यीशु नासरी को पवित्र आत्मा” से अभिषिक्त किया था और फिर मसीह “अच्छा करता हुआ गया”(प्रेरितों के काम 10:38)। यीशु “पवित्र आत्मा से भरे हुए थे” और अक्सर वह “आत्मा के नेतृत्व में” रहते थे(लूका 4:1)। मसीह निश्चित रूप से पवित्र आत्मा के साथ अभिषिक्त होने से पहले अच्छाई करते हुए गए थे, लेकिन पवित्र आत्मा प्राप्त करना और प्रेरणा का अधिकार उनकी सेवकाई का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था - जैसे कि यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## *कार्य करने का निमंत्रण*

जैसे कि आप अपनी दैनिक सेवकाई करते हैं, प्रार्थना करते हुए तलाश करें और पवित्र आत्मा के संकेतो के प्रति अनुकूल रहें। याद रखें कि स्वर्गीय पिता आपको और जिनकी आप सेवा करते हैं आशीर्वाद देंगे।

***विवरण***


1. Bonnie H. Cordon, “Becoming a Shepherd,” Liahona, Nov. 2018, 76.
2. बाइबिल शब्दकोश, “प्रार्थना।”
3. Bonnie H. Cordon, “Becoming a Shepherd,” 76.
4. Dallin H. Oaks, “In His Own Time, in His Own Way,” Liahona, Aug. 2013, 24.
5. Jeffrey R. Holland, “The Ministry of Reconciliation,” Liahona, Nov. 2018, 77.
6. David A. Bednar, “Quick to Observe,” Liahona, Dec. 2006, 17.
7. Gerrit W. Gong, “Our Campfire of Faith,” Liahona, Nov. 2018, 42.
8. See Bonnie H. Cordon, “Becoming a Shepherd,” 76.


© 2019 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा। सर्वाधिकार सुरक्षित। भारत में छपी। अंग्रेजी अनुमति : 6/18। अनुवाद अनुमति 6/18। Ministering Principles, September 2019 का अनुवाद। Hindi. 15770 294